भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3787
21 दिसम्बर, 2021 को उत्तरार्थ

विषय:- भारतीय और विदेशी किस्म के फलों की खेती

3787. श्री गुरजीत सिंह औजला:

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने ड्रैगन फ्रूट और एवोकेडो सहित वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय फलों की पहचान की है;

(ख) क्या कुछ भारतीय फलों की खेती को भी बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए उनके व्यावसायिक गुण, स्वभाव और उच्च पौष्टिक मूल्य द्वारा पहचान की गई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या पंजाब राज्य की भी विदेशी और स्वदेशी फलों की खेती के संवर्धन हेतु पहचान की गई है; और

(ङ) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (ग): सरकार ने वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय 10 विदेशी फलों जैसे एवोकैडो / बटर फ्रूट, ब्लूबेरी, ड्रैगन फ्रूट (कमलम), अंजीर, कीवी, मैंगोस्टीन, पर्सिमोन, पैशन फ्रूट, रामबूटन और वाणिज्यिक महत्व की 10 स्वदेशी फलों जैसे करौंदा, सीबकथॉर्न, जामुन, हनुमान फल (सोरसोप), बेल (वुड एप्पल), इमली, फालसा, गार्सिनिया, कटहल और आंवला को चिन्हित किया है।

(घ) से (ङ): समेकित बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) के तहत पंजाब राज्य को भी अपनी कृषि-जलवायु परिस्थितियों की उपयुक्तता और मांग के अनुसार ड्रैगन फ्रूट और स्ट्रॉबेरी को विदेशी श्रेणी में और आंवला, करौंदा, बेल और फालसा की खेती को स्वदेशी फलों की श्रेणी में बढ़ावा देने के लिए चिन्हित किया गया है।

****